ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM (Special Campaign For Disposal Of Pending Matters) के क्रियान्वयन हेतु दिनांक–22.08.2025 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में आहूत समन्वय बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति:- संलग्न सूची के अनुसार।

1. सर्वप्रथम संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी, स्वच्छ बिहार पोर्टल ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बिहार स्वच्छता पोर्टल के विभिन्न डोमेन के संदर्भ में संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला गया।

2. स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM के क्रियान्वयन हेतु आयोजित समन्वय बैठक में निम्न निदेश दिये गये:–

(1) <u>e-Office का क्रियान्वयन</u>– लेखा प्रशाखा द्वारा बताया गया कि प्रशाखा–4, 7, 9, 10 एवं प्रशाखा–15 के सभी क्रियाशील संचिकाओं का स्कैनिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी क्रम में श्री आदित्य प्रकाश, अवर सचिव द्वारा बताया गया कि प्रशाखा 9 एवं 10 के बहुत सारी संचिका वर्त्तमान में मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यालय में उपस्थापित है। उक्त के आलोक में लेखा प्रशाखा को निदेश दिया गया कि मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण के कार्यालय में उपस्थापित संचिका का स्कैनिंग कार्य करने हेतु वर्तमान में चयनित एजेंसी के दो कर्मी को उपस्कर सहित इस कार्यालय में भेजकर कराया जाय एवं शेष प्रशाखाओं से संबंधित संचिकाओं का त्वरित गति से स्कैनिंग कार्य कराने हेतु चयनित एजेंसी को मानवबल एवं उपकरण की संख्या बढ़ाने का निदेश दिया गया है तथा सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को अपने पटल से संबंधित संचिकाओं का Scanning एवं Uploading स्वयं के देख–रेख में करने का निदेश दिया गया है। Scanning में हुई प्रगति की समीक्षा अवर सचिव (लेखा) द्वारा प्रतिदिन की जायेगी।

(2) **<u>Cleanliness Campaign Of Files & Record Management</u>**- सभी अवर सचिव अपने अधीनस्थ सभी प्रशाखाओं में साफ–सफाई, संचिकाओं का व्यवस्थित तरीके से रख–रखाव, संचिकाओं का उनके प्रकृति के अनुसार वर्गीकरण का कार्य करायेंगे एवं आगामी बैठक में उससे संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। साफ–सफाई के संबंध में आगामी माह में Campaign चलाये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसे हेतु आवश्यक तैयारी ब्राडा कार्यालय द्वारा की जायेगी।

विभागीय अभिलेखागार विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल्ला पर संधारित हैं, जिसे खाली कर शास्त्रीनगर में विभागीय आवंटित सरकारी आवास में शिफ्ट करना है। ब्राडा कार्यालय को उक्त आवास में एक पक्ष के अन्दर 20 अलमीरा का रैक लगाने का निदेश दिया गया है।

(3) **<u>Office Scrap Disposal-</u>** लेखा प्रशाखा को निदेश दिया गया कि सभी प्रशाखाओं/कोषागों में विभाग अंतर्गत परित्यक्त/अनुपयोगी सामग्रियों को चिन्हित कर MSTC, Ltd. Patna के माध्यम से नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाय।

(4) **<u>Reference From CM Dashboard/MLA/IMC Reference/District Reference-</u>** समीक्षा में यह पाया गया कि माननीय विधानपरिषद्/माननीय विधानसभा सदस्यों के reference आदि का मामला अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/योजना से संबंधित सभी नोडल पदाधिकारी के यहाँ निष्पादित किया जाता है। अतः श्री जय प्रकाश सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी–01 सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त कर आगामी बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। यह भी निदेशित किया गया कि आगामी बिहार स्वच्छ पोर्टल की समीक्षा बैठक में सभी नोडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

(5) **<u>Public Grievance Appeals</u>**- स्वच्छ बिहार पोर्टल पर इससे संबंधित प्रविष्टि करा दी गई है। लेखा प्रशाखा द्वारा प्रशाखा–15 के सहयोग से नियमित अन्तराल पर अद्यतन किया जायेगा।

(6) **Assembly Assurance**- प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा 09, 10 एवं मुख्य अभियंता, निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण तथा विधानमंडलीय नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् के लंबित आश्वासनों की संख्या बिहार स्वच्छ पोर्टल पर अपलोड करायेंगे। साथ ही यथासंभव आश्वासनों का निष्पादन करने हेतु वांछित कार्रवाई का निदेश श्री बिरेन्द्र कुमार, नोडल पदाधिकरी, बिहार विधान सभा/विधान परिषद् को दिया गया है।

(7) स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM के क्रियान्वयन हेतु आगामी समीक्षा बैठक दिनांक–<u>11.09.2025 (गुरुवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे</u> आहूत की जायेगी।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

22/8/25

(संजय कुमार)

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,

बिहार स्वच्छ पोर्टल,

ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक –12/अ0प्र0–08–02/2025 9098 पटना/दिनांक– 22.08.2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के निजी सहायक/सभी विशेष सचिव के निजी सहायक/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख के निजी सहायक/सभी संयुक्त सचिव के निजी सहायक/अपर मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, ब्राडा/सभी मुख्य अभियंता/विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी/विभागीय सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/तकनीकी परामर्शी (विधि)/सभी नोडल पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/श्री राहुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री सुजीत कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री अमन कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री ओवैश हाशिम, कार्यपालक सहायक एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/8/25

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,

बिहार स्वच्छ पोर्टल

ज्ञापांक –12/अ0प्र0–08–02/2025 9098 पटना/दिनांक– 22.08.2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

22/8/25

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,

बिहार स्वच्छ पोर्टल